No. of Printed Pages : 2

ई.एच.डी.-4

00581

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2013

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-4 : मध्यकालीन भारतीय साहित्य : समाज और संस्कृति

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

*नोट : सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं। **सभी** प्रश्नों के अंक **समान** हैं।*

1. भक्ति-आंदोलन के सामाजिक, आर्थिक तथा सांस्कृतिक कारणों पर प्रकाश डालिए। 20

अथवा

'भक्ति-आंदोलन जातिगत भेदभावों तथा धर्म के नाम पर किए जाने वाले उत्पीड़न के विरोध का समर्थन करने वाला स्वर था।' इस कथन की विवेचना कीजिए।

2. 'बसवेश्वर' के काव्य में अभिव्यक्त सामाजिक-चेतना का विवेचन कीजिए। 20

अथवा

वैष्णव कवि कुलशेखर आलवार तथा आण्डाल का जीवन परिचय देकर उनके भक्ति काव्य की विशेषताएँ बताइए।

3. कबीर-काव्य के सामाजिक पक्ष पर निबंध लिखिए। 20

अथवा

निर्गुण भक्ति-काव्य की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

4. मराठी भक्ति-साहित्य का परिचय देते हुए संत कवि चोखा मेला के काव्य की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **20**

अथवा

भक्ति-साहित्य आंदोलन में पंचसखाओं के योगदान पर प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणी लिखिए : **10x2=20**

(a) मीराबाई के काव्य में स्त्रीवादी स्वर

(b) गुरु नानक देव के काव्य की विशेषताएँ

(c) मलिक मुहम्मद जायसी

(d) नरसिंह मेहता

(e) रैदास